फाइल संख्या पी-11015/1/2023-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

**नई दिल्ली 21 अप्रैल, 2023**

विषय: मार्च 2023 के माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या-3)।

मार्च 2023 के माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. **मन की बात कार्यक्रम के आगामी 100वें संस्करण के रन-अप** के भाग के रूप में, आकाशवाणी (एआईआर) ने भारत को बदलने में इस कार्यक्रम के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 15 मार्च, 2023 से **एक विशेष सीरीज शुरू की है।** यह सीरीज मन की बात के एपिसोड में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा आज तक हाइलाइट किए गए 100 चिन्हित विषयों को सामने लाती है और यह 100वें एपिसोड से एक दिन पहले 29.04.2023 को समाप्त होगी। माननीय प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 विचारों का स्मरण प्रतिदिन आकाशवाणी नेटवर्क पर प्रसारित किया जा रहा है।

2. माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन द्वारा 07.03.2023 को नई दिल्ली में **8वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार प्रदान किए गए। सुश्री शिप्रा दास** को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रोफेशनल फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द इयर का पुरस्कार **श्री शशि कुमार रामचंद्रन** को दिया गया, जबकि **श्री अरुण साहा ने** एमेच्योर फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार जीता। इस समारोह के दौरान पेशेवर और एमेच्योर श्रेणी, प्रत्येक में 6 पुरस्कारों सहित कुल 13 पुरस्कार प्रदान किए गए। व्यावसायिक श्रेणी के लिए विषय "जीवन और जल" था, जबकि एमेच्योर में विषय "भारत की सांस्कृतिक विरासत" था।

3. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिनांक 30.03.2023 को अपने आवास पर **एलिफेंट व्हिस्परर्स की ऑस्कर विजेता टीम से मुलाकात की।** अपनी बातचीत के माध्यम से, मंत्री ने फिल्म बिरादरी को एक संदेश दिया और वादा किया कि सरकार फिल्म निर्माताओं को सह-निर्माण वित्त पोषण, अंतर्राष्ट्रीय समारोहों में प्रीमियर और स्क्रीनिंग के माध्यम से समर्थन देने और उन्हें मास्टरक्लास आदि के माध्यम से भारतीय फिल्म समारोहों में प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

4. भारत और बांग्लादेश संयुक्त रूप से **बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के जीवन और कार्यों पर 'मुजीब - द मेकिंग ऑफ नेशन' नामक एक फिल्म का निर्माण करने पर सहमत हुए हैं। फिल्म की स्क्रीनिंग**

ढाका, बांग्लादेश में 16.03.2023 को **बांग्लादेश के माननीय प्रधान मंत्री** और **माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री** की उपस्थिति में आयोजित की गई थी। इसमें राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), बांग्लादेश फिल्म विकास निगम (बीएफडीसी) और आगामी वृत्तचित्र फिल्म परियोजना 'बांग्लादेश लिबरेशन वॉर, 1971' के निर्देशक के बीच भी चर्चा हुई।

5. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 11.03.2023 को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) - राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय (एनएफएआई), पुणे का दौरा किया और **राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन (एनएफएचएम) के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की।** एनएफएचएम के भाग के रूप में, एनएफडीसी-एनएफएआई में 3 प्रमुख परियोजनाएं चल रही हैं: फिल्मों का डिजिटलीकरण, फिल्म रीलों का संरक्षण और फिल्मों का जीर्णोद्धार, जिन्हें विश्व स्तर पर इस पैमाने पर पहले कभी नहीं किया गया है।

6. **संचार कार्यनीति: सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों से संबंधित संचार कार्यनीति पर** 7 मार्च, 2023 को 14 विभागों/मंत्रालयों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न पहलुओं जैसे मानक संचालन प्रक्रियाओं, टेम्प्लेट और प्रमुख कार्यकलापों आदि पर चर्चा करने के लिए सचिव (सूचना और प्रसारण) ने एक बैठक बुलाई ताकि प्रमुख स्कीमों पर समन्वित आउटरीच को सुदृढ़ किया जा सके।

7. **ओटीटी पर बढ़ती अश्लील सामग्री की शिकायत पर सरकार गंभीर**: माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिनांक 19.03.2023 को नागपुर में एक पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों से ओटीटी प्लेटफार्मों पर बढ़ती अश्लीलता एवं अभद्र भाषा के बारे में बात की और इस मुद्दे पर सरकार की गंभीरता को व्यक्त किया।

8. **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** का आयोजन (08.03.2023)

8.1 सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय और मीडिया यूनिटों/ संगठनों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए कई उपयुक्त कार्यक्रमों जैसे प्रतियोगिताएं, महिला सप्ताह समारोह, विशेष व्याख्यान, विशेष संवाद, वूमन परेड, ओपन सेशन आदि का आयोजन किया।

8.2 डीडी न्यूज़ ने **डीडी डायलॉग - नारीशक्ति @ नया भारत** का एक कॉन्क्लेव आयोजित किया, जिसका प्रसारण 7 और 8 मार्च, 2023 को किया गया, जिसमें महिलाओं से संबंधित विषयों पर साक्षात्कार और पैनल चर्चा के साथ-साथ महिलाओं की उपलब्धियों की कहानियां शामिल थीं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डीडी संवाद के लिए **महिला शक्ति पर केंद्रित भारत के माननीय राष्ट्रपति का वीडियो संदेश** और **माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर के साथ साक्षात्कार** भी कॉन्क्लेव का हिस्सा थे। पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित और इन्फोसिस फाउंडेशन की संस्थापक सुश्री सुधा मूर्ति के साथ **विशेष बातचीत** पर *'डीडी डायलॉग - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'* शीर्षक से डीडी इंडिया पर विशेष कार्यक्रम और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित साप्ताहिक प्रमुख कार्यक्रम *'तेजस्विनी'* और *'डीडी दस्तावेज'* के **विशेष एपिसोड** भी प्रसारित किए गए।

8.3 केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के क्षेत्रीय और फील्ड कार्यालयों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आम जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए **14 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी)**, **01 विशेष आउटरीच कार्यक्रम (एसओपी)**, **01 वेबिनार**, **09 फील्ड कार्यक्रम** और अन्य उपयुक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया।

8.4 प्रकाशन विभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित **आजकल (हिंदी)** का मार्च, 2023 का अंक महिला दिवस के अवसर पर अत्यधिक केंद्रित था, जिसमें प्रमुख लेखकों द्वारा महिलाओं के मुद्दों पर विभिन्न लेख शामिल थे। **आजकल (उर्दू)** भी 'महिला लेखिकाओं' के स्त्री लेखन और अन्य संबंधित मुद्दों पर एक विशेष अंक था।

8.5 सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) मुख्य थियेटर में 6 से 10 मार्च **तक महिला फिल्म निर्माताओं द्वारा बनाई गई क्लासिक्स की** एक सप्ताह लंबी स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया था।

9. **आजादी का अमृत महोत्सव: भारत की आजादी के 75 वर्ष**

*'जन भागीदारी और जन आंदोलन'* की भावना के तहत आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) मनाने के लिए विभिन्न पहलें की जा रही हैं।

9.1 सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने **युवा उत्सव-इंडिया@2047** पर 13 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी), 04 प्रदर्शनियां, 02 विशेष आउटरीच कार्यक्रम (एसओपी) और 13 क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित किए।

9.2 प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2023 में **'आजादी का अमृत महोत्सव' विषय पर एक ऑथर्स कनेक्ट** का आयोजन किया जिसमें प्रख्यात गांधीवादी डॉ. वर्षा दास और प्रसिद्ध लेखक श्री राजेंद्र भट्ट वक्ता थे।

9.3 ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के मार्च, 2023 के पाक्षिक संस्करणों में कवर स्टोरी *"अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विशेष अवसर"* और *"**नए भारत** के मध्यम वर्ग की प्रेरक शक्ति "* को 13 भाषाओं में प्रकाशित किया गया और सीबीसी द्वारा देशभर में वितरित किया गया। एनआईएस के ई-संस्करण माई गॉव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग कर ईमेल के माध्यम से 71 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए।

9.4 मंत्रालय ने **'ई-संजीवनी' (10 करोड़ से अधिक परामर्श) विषय** पर **प्रधानमंत्री के मन की बात पुस्तिका का फरवरी, 2023 संस्करण प्रकाशित किया है।** ई-संस्करण को ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में लगभग 6 करोड़ नागरिकों को वितरित किया गया था और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, माई गॉव,

पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया यूनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया था। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों और भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

10. **2018, 2019 और 2020 बैच के आईआईएस प्रशिक्षु अधिकारी, समूह 'क' का विदाई समारोह** 31.03.2023 को आयोजित किया गया था, जहां माननीय सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। सचिव (सूचना और प्रसारण) के नेतृत्व में 2018, 2019, 2020, 2021 और 2022 बैच के आईआईएस प्रशिक्षु अधिकारी समूह 'क' ने भी 29.03.2023 को भारत की माननीया राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

11. **जी-20 शिखर सम्मेलन संबंधी अभियान**

11.1 डीडी न्यूज नेटवर्क ने **नई दिल्ली में जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक** सहित देशभर में भारत की जी20 अध्यक्षता से संबंधित आयोजित सभी प्रमुख कार्यक्रमों का प्रसारण किया है। विशेष कार्यक्रम **'इंडिया@जी20'** की एक सीरीज सप्ताह के दिनों में प्रतिदिन प्रसारित की जा रही है, एक विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम **'ए जी20 स्पेशल: इंडिया कॉलिंग'** का प्रसारण किया जा रहा है और डीडी न्यूज पर एक विशेष कार्यक्रम **'भारत@20: वसुधैव कुटुम्बकम'** साप्ताहिक रूप से रखा गया है।

11.2 केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने जी-20 सचिवालय की बैठकों के साथ-साथ **रेडियो और आउटडोर अभियान** चलाए। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने अब तक आयोजित सभी कार्यक्रमों का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से **प्रचार किया** और देश भर के **95 से अधिक समाचार पत्रों में 5 विशेष जी-20 लेख प्रकाशित किए।** पीआईबी रिसर्च यूनिट द्वारा कुल **3 एक्सप्लेनर्स** और **2 पॉडकास्ट** जारी किए गए और **पीआईबी जी20 माइक्रोसाइट को** जी20 से संबंधित सभी सूचनाओं के लिए वन स्टॉप समाधान के रूप में नियमित रूप से अपडेट किया गया है।

12. **विशेष कवरेज और संबंधित पहलें**

12.1 **अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (आईवाईओएम) 2023 :** डीडी न्यूज और डीडी इंडिया ने **ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन को नई दिल्ली में उद्घाटन समारोह,** जिसमें **माननीय प्रधानमंत्री ने भाग लिया,** के लाइव प्रसारण के साथ **विशेष रूप से कवर किया** और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम/कहानियां जैसे खाद्य मेला, दिल्ली के प्रगति मैदान में भोजपुर (बिहार) में आयोजित दो दिवसीय बाजरा महोत्सव, भारतीय सेना ने अपने मेन्यू में बाजरा को शामिल किया, चंडीगढ़ में दूसरे जी-20 कृषि प्रतिनिधियों की बैठक में बाजरा प्रदर्शनी और पहलवान गीता फोगट के साथ विशेष साक्षात्कार का प्रसारण किया गया। **आधे घंटे के** एक विशेष कार्यक्रम ***'श्री अन्न का वैश्विक हब बनता भारत'*** का भी प्रसारण किया गया।

12.2 **चुनाव संबंधी कवरेज:** डीडी न्यूज चुनाव वाले राज्यों यथा त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड से चुनाव से संबंधित सभी कार्यकलापों का प्रसारण कर रहा है। ग्राफिक्स के साथ सभी रुझानों और परिणामों को

कवर करने के लिए मतदान दिवस पर एक विशेष दिन भर के लाइव कार्यक्रम ***'जनादेश'*** का प्रसारण किया गया और विशेष एक घंटे के मिड-डे प्राइम टाइम शो '***इस वक्त'***, ***'पंच की पंचायत'*** और शाम के शो ***'दो टूक में'*** चुनावों संबंधी ज्वलंत राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा की गई।

12.3 **पैन को आधार से जोड़ने का अभियान**: सीबीसी ने वित्त मंत्रालय के लिए मार्च, 2023 के दौरान "पैन और आधार को जोड़ना अनिवार्य है", "15 मार्च 2023 तक अग्रिम कर की अपनी चौथी किस्त का भुगतान करें", "ई-सत्यापन स्कीम, 2023", "अद्यतन आयकर रिटर्न फाइल करें", "31 मार्च, 2023 तक वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी संरचना स्कीम" और "जीएसटी के तहत शपथ पत्र" विषयों पर व्यापक अभियान चलाया।

12.4 **मिशन लाइफ पर अभियान** : सीबीसी, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर ने 03 मोबाइल प्रदर्शनी वैनों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें 1 से 19 मार्च, 2023 तक मिशन लाइफ थीम पर राजस्थान के 25 जिलों के 94 स्थानों/गांवों को कवर किया गया।

12.5 डीडी न्यूज ने **पद्म पुरस्कार, 2023** और **स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान, 2023** समारोह सहित भारत की माननीया राष्ट्रपति की भागीदारी वाले सभी प्रमुख कार्यक्रमों को कवर किया। देश में **कोविड-19 और इन्फ्लुएंजा की स्थिति का** आकलन करने और आगामी गर्मियों में गर्म मौसम के लिए तैयारियों की समीक्षा करने के लिए माननीय प्रधान मंत्री की **उच्च-स्तरीय बैठकों,** वाराणसी में **वन वर्ल्ड टीबी समिट** में संबोधन; ऑस्ट्रेलिया के माननीय प्रधान मंत्री, जापान के माननीय प्रधान मंत्री और इटली के माननीय प्रधान मंत्री के साथ संयुक्त प्रेस बैठक में वक्तव्य; भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का वर्चुअल उद्घाटन और केंद्रीय बजट 2023 के सकारात्मक प्रभाव पर वेबिनार की सीरीज में संबोधन **का लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार किया गया**। जम्मू-कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल मनोज सिन्हा का एक **विशेष साक्षात्कार** और विशेष कार्यक्रम ***'कोविड-19 संक्रमण में तेजी, एहतियात जरूरी'*** और **योग महोत्सव 2023 का** भी प्रसारण किया गया।

13. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें -**

- एसआरएफटीआई ने 'बांग्ला अबार' के सहयोग से, 24 से 27 मार्च, 2023 तक एक चार दिवसीय फिल्म समारोह नामतः **बंगाल अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह 2023** का आयोजन अपने कैंम्पस में किया, जिसका उद्घाटन पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल, श्री सी.वी. आनंद बोस द्वारा किया गया। बंगाल के प्रतिष्ठित अभिनेताओं को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिए गए और इस समारोह में 10 फीचर फिल्मों और 27 लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई।

- दिनांक 15.03.2023 को **दृष्टिबाधित अधिकारियों के लिए स्क्रीन रीडर्स के साथ ई-ऑफिस का उपयोग करने के तरीके पर प्रशिक्षण** प्रदान करने के लिए एनएसडी: एआईआर में एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। एनएसडी: एआईआर, डीडी न्यूज और पीआईबी में काम कर रहे दृष्टिबाधित अधिकारियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

- भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) और भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय द्वारा "भारतीय भाषाओं के प्रयोग क्षेत्र का विस्तार और मीडिया" पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 20 - 21 मार्च, 2023 को किया गया। सभी क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं, वरिष्ठ पत्रकारों और प्रमुख हस्तियों ने संगोष्ठी के दौरान अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए।

- **डिजिटल मीडिया:**
  - आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69क के तहत शामिल सामग्री के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत 2 यूटयूब आधारित समाचार चैनलों, 2 फेसबुक अकांउटों, 2 वेबसाइटों, 2 यूटयूब वीडियो, 2 फेसबुक पोस्ट और 12 ट्वीट्स को ब्लॉक करने के लिए दिशा-निर्देश जारी की गई।
  - सीआरएल एमसी 2214/2020 टीवीएफ मीडिया लैब्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम दिल्ली सरकार, एनसीटी मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 06.03.2023 के उनके आदेश में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक वेब-श्रृंखला में आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने के संबंध में यह मामला दिनांक 10.03.2023 को संबंधित मंच के साथ उठाया गया था। मंत्रालय ने उक्त वेब-श्रृंखला के संबंध में आचार संहिता का पालन न करने के संबंध में प्लेटफार्म पर एक सूचना भेजी। उक्त प्लेटफ़ॉर्म ने दिनांक 14.03.2023 को सूचित किया है कि उसने प्लेटफ़ॉर्म के संचालन को निलंबित कर दिया है और सामग्री का नियमों के अनुरूप बनाने के लिए इसकी समीक्षा करने की प्रक्रिया में है।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस माह के दौरान 06 नई अनुमतियां जारी की हैं और 01 टीवी चैनल के समर्पण अनुरोध/निरसन को स्वीकार किया है। भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **31.03.2023 तक 905** है।

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई):** प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 की **88 शिकायतें** पर (धारा 13 के तहत 25 और धारा 14 के तहत 63) और **05 स्वतः संज्ञान लेकर मामले** दर्ज किए गए और माह के दौरान **06 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गईं।**

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **8392 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं, **118 औपचारिक प्रेस सम्मेलनों का आयोजन किया है, 20 वार्तालाप आयोजित** किए हैं और भारत की जी20 अध्यक्षता, महिलाओं के मुद्दों आदि पर **23 लेख प्रकाशित किए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने 27 फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया** और 36 ट्वीट किए। पीआईबी की अनुसंधान इकाई ने श्रृंखला में **52 दस्तावेज़ प्रकाशित किए।**

- केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने आजादी का अमृत महोत्सव, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 8 वर्ष, भारत की जी20 अध्यक्षता और भारत सरकार की प्रमुख स्कीमों पर **61 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी)**, 20 प्रदर्शनी और 07 क्षेत्रीय

कार्यक्रमों का आयोजन किया और **देश भर में सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न विषयों पर** निम्नानुसार **जागरूकता का प्रसार किया गया**:

| ट्वीट्स और रीट्वीट्स की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 29371 (329140) | 9140 | 4351 | 24247 |

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने माह के दौरान **150 से अधिक ग्राफिक्स/वीडियो/चित्र/पोस्ट/ट्वीट** आदि साझा कर विभिन्न प्लेटफार्मों पर विभिन्न विषयों को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

**आज़ादी का अमृत महोत्सव और अन्य प्रमुख अभियानों जैसे पद्म पुरस्कार 2023, केंद्रीय बजट 2023-24, ऑपरेशन दोस्त, टाइम पत्रिका, विश्व वन्यजीव दिवस, विश्व जल दिवस, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस,** मन की बात बुकलेट आदि पर इन्फोग्राफिक्स, रील, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से प्रकाश डाला गया था।

(विक्रम सहाय)
भारत सरकार, संयुक्त सचिव
दूरभाष: 23073775